Telescopic rates for transportation of coal

2481. SHRI ASHOK MITRA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the details of the structure of the policy of freight equalisation for a number of keq intermediate goods, a revision is proposed in the rate structure for coal transportation as well?

(b) the principles governing this rate structure; and

(c) whether in view of the abolition of the policy of freight equalisation is proposed in the rate structure for coal transportation as well?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA): (a) and (b) Coal is classified at Class 130D in Trainloads and Class 135D in Wagonloads in the Railway Freight Structure. The Railway freight rates are telescopic in nature with the rate per tonne per Km. decreasing with increase in distance. In respect of coal, these rates for certain distances, at present are as under for trainload movements:—

Distance in Kms.	Rate per Tonne per Km. in paise
100 . . .	67.0
500 . . .	47.82
1000 . . .	46.92
1500 . . .	44.46
2500 . . .	37.32

(c) No revision in the freight rate structure is proposed because of abolition of the Freight Equalisation Scheme.

झुकंटी रेलवे स्टेशन से कैओर सीमेन्ट फैक्टरी के बीच रेल लाइन

2482. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे के झुकेटी रेलवे स्टेशन से कैओर सीमेन्ट फैक्टरी तक कोई रेल लाइन है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इसी लाइन पर कैओर औद्योगिक नगर तक सवारी गाड़ी चलाये जाने का प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) यात्री गाड़ियों के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाओं की कमी के कारण ।

पश्चिम और उपनगरीय रेलवे का नेट अधिशेष

2483. श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1991–92, 1992–93 और 1993–94 के दौरान पश्चिम रेलवे और पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खण्डों का अलग-अलग नेट अधिशेष का ब्यौरा क्या है ;

(ख) उक्त वर्ष के दौरान गुजरात के खण्डों से संबद्ध संचालन अनुपात (सकल आय की तुलना में कार्यकारी खर्च) का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस अवधि के दौरान उपनगरीय रेलवे और पास धारकों को राज सहायता की कितनी धनराशी दी गयी ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) वर्ष 1991–92 और 1992–93 के लिए पश्चिम रेलवे की अधिशेष (शुद्ध राजस्व घटादेय लाभांश) राशि नीचे दी गयी है । चूंकि वर्ष 1993–94 के लेखे अभी बंद किए जाने हैं, इसलिए 1993–94 के संशोधित बजट

अनुमानों के आधार पर आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं ।

वर्ष	(करोड़ रुपये में) अधिशेष की राशि
1991–92	414.52
1992–93	617.79
1993–94	786.26 (अनुमानित)

1991–92 और 1992–93 के लिए पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंडों की अधिशेष की राशि नीचे दी गयी है :—

(करोड़ रुपये में)

वर्ष	अधिशेष की राशि
1991–92	24.91
1992–93	49.95

1993–94 के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

(ख) "परिचालन अनुपात" के राज्य-वार ब्यौरे नहीं रखे जाते हैं ।

(ग) यातायात के किसी भी साधन के लिए अलग से आर्थिक सहायता की व्यवस्था नहीं की जाती है ।

Korean firm's proposal for doubling rail in Bombay

2484. SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a Korean firm, Hyundai has submitted a proposal to build a double rail line above the existing railway corridors in Bombay; and

(b) if so, what are the details of the project, indicating its cost, foreign exchange content/and other broad features thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. Lenka): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

रेलवे स्टेशनों पर सुख सुविधाएं

2485. श्री एस०एस० अहलुवालिया : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि देश के अधिकांश भागों में खास कर बिहार प्रदेश में रेलवे प्लेटफार्मों पर अत्यधिक गंदगी होती है जिससे रेल यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा उनके स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार रेलवे प्लेटफार्मों को स्वच्छ एवं साफ रखने हेतु क्या उपाय कर रही है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) प्लेटफार्मों पर समुचित सफाई न किए जाने के कुछ मामले ध्यान में आये हैं। तथापि ऐसे किसी मामले की रिपोर्ट नहीं मिली है कि इसके कारण किसी भी रेल यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या का सामना करना पड़ा है ।

(ख) रेलें इस बात को उच्च प्राथमिकता प्रदान करती हैं कि प्लेटफार्मों सहित स्टेशन परिसरों में सफाई के स्तर में सुधार किया जाए और यह एक सतत् प्रक्रिया है । इस संबंध में रेलों द्वारा जो उपाय किए गए हैं, उनका ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

(i) प्लेटफार्मों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्टेशनों पर सफाई कर्म-